आज समाज 10/10/2025

# डिजिटल मार्केटिंग पर एक सप्ताहीय कौशल विकास कार्यक्रम का सफल समापन: डॉ. रोहित दत्त

**आज समाज नेटवर्क**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित डिजिटल मार्केटिंग पर एक सप्ताहीय कौशल विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग आधारित डिजिटल कौशलों से परिचित कराना एवं उन्हें रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ना रहा।

सप्ताहभर चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एनिमेटेड वीडियो निर्माण, कैनवा टूल्स का प्रयोग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, डिजिटल विज्ञापन रणनीतियाँ तथा एआई आधारित बिजनेस फोरकास्टिंग जैसे आधुनिक विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य संसाधन व्यक्ति सुश्री मीनू धिमान, सहायक निदेशक, टरटए रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न टरटए योजनाओं तथा डिजिटल उद्यमिता के अवसरों से परिचित कराया। डॉ. राकेश कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा ने अक आधारित बिजनेस फोरकास्टिंग और डिजिटल डेटा एनालिटिक्स पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सुश्री कमलप्रीत कौर, सहायक प्राध्यापक, गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, ने कार्यक्रम के आयोजन और समन्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, श्री शिव कुमार, सीईओ, एस.डी. एंटरप्राइजेज, तथा डॉ. आशीष एवं श्री मोहित (द्रोणाचार्य इंस्टिट्यूट, सोनीपत) ने विद्यार्थियों को औद्योगिक अनुभव और नवीनतम डिजिटल उपकरणों से परिचित कराया।

कार्यक्रम का समग्र संयोजन एवं संचालन सुश्री कमलप्रीत कौर एवं डॉ. भारती सुजन के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि यह पूरा कार्यक्रम अत्यंत सफल, सुसंगठित और व्यावहारिक दृष्टिकोण से सम्पन्न हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दिशा के सहयोग से उत्कृष्ट रूप से संपन्न हुआ। सप्ताहीय कौशल विकास कार्यक्रम के प्रलेखन एवं रिपोर्ट संकलन में डॉ. शुभम और सुश्री महिमा का विशेष योगदान रहा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विशेषज्ञों, समन्वयकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।